हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 12 जून 2026

तापमान

अधिकतम 40 .0 डिग्री से.
न्यूनतम 24 .0 डिग्री से.

10 बच्चों के सर्वांगीण विकास में एफएलएन..



10 तनावपूर्ण जीवनशैली-बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं...



## खबर संक्षेप

### कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 15 को

**जींद।** डीसी डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि जिला परिवेदना कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक का आयोजन 12 जून को डीआरडीए के सभागार में सायं तीन बजे होना था। जो प्रशासनिक कारणों की वजह से स्थगित हो गई है। अब बैठक 15 जून को दोपहर 12 बजे स्थानीय डीआरडीए हाल में होगी। इस बैठक की अध्यक्षता जिला कष्ट निवारण समिति के चेयरमैन एवं हरियाणा के खेल, युवा सशक्तिकरण और उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम करेंगे।

### महिला यात्री के बैग से चेन चोरी, मामला दर्ज

**जींद।** जींद नया बस अड्डे पर एक युवती ने महिला के बैग से सोने की चेन को चोरी कर लिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

राजनगर निवासी रामरति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सफीदों से जींद के लिए रोडवेज बस में सवार हुई थी। उसकी बगल में एक युवती बैठी हुई है। जिसने बहाने से उसका बैग ले लिया। बस अड्डे पर उतरते समय उसने बैग को लौटा दिया। जब उसने घर जाकर बैग को चैक किया तो बैग से सोने की चैन गायब मिली।

### दुकान में चोरी का आरोप युवक के खिलाफ केस

**जींद।** गांव नगूरां के असंध रोड पर करियाणा दुकान से चोरी करने के मामले में अलेवा थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव नगूरां निवासी प्रदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी असंध रोड पर करियाणा की दुकान खोली हुई है। गत दिवस दोपहर बाद वह कुछ समय के लिए बाहर चला गया। उसी दौरान उसके गल्ले से नगदी गायब हो गई। जब उसने सीसी टीवी कैमरे की फूटेज को खंगाला तो उसमें गांव का ही गोलू उर्फ नरेंद्र दिखाई दिया।

### अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद, हत्या की आशंका

**जींद।** नरवाना में अज्ञात व्यक्ति का शव तैरता मिला है। मृतक की उम्र 46-47 वर्ष बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नहर से निकाल कर नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया। वीरवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरवाला लिंक नहर में तैरता हुआ मिला। जिसके हाथ पीछे से बंधे हुए थे। जिससे हत्या का मामला होने की आशंका जताईं जा रही है।

### फोन पर धमकी देने पर तीन के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** गांव लोन में फोन कर धमकी देने तथा मकान के आगे संदिग्ध युवकों के चक्कर लगाने पर गढ़ी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव लोन निवासी रजनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत सात जून को उसके पति के फोन पर कॉल आई और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। काल को नरवाना निवासी दीपक ने करवाई थी। जिसके बाद दीपक तथा उसके साथी मोटरसाइकिल लेकर उसके मकान के सामने चक्कर लगा रहे हैं। बार-बार उसके पति को मुकद्मा न उठाने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दे रहे है।

### गांजा सप्लाई मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** सीआईए-1 पुलिस प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में के एएसआई रघुबीर सिंह की टीम द्वारा गांजा सप्लायर आरोपी गसौली सोनीपत निवासी सुनील को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 18 मई को सीआईए-1 पुलिस के एएसआई गुरदान सिंह की टीम ने नाकाबंदी कर बाइक पर सवार आरोपी कंडेला जिला शामली यूपी निवासी प्रवीन कुमार व सलारपुर जिला करनाल निवासी कुलविंद्र सिंह उर्फ कर्ण को 22 किलोग्राम गांजा फूल पत्ती सहित काबू किया गया था।

# 9.6 ग्रेडिंग के साथ देश में तीसरा और हरियाणा में प्रथम स्थान पाया

## कैथल राजकीय आईटीआई ने रचा नया कीर्तिमान : आधुनिक सुविधाएं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बनी सफलता का आधार

नरेश पंवार ▶▶| कैथल

तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) कैथल ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते देश में अपनी पहचान बनाई है। भारत सरकार द्वारा जारी नवीनतम आईटीआई ग्रेडिंग में संस्थान ने 10 में से 9.6 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया स्तर पर तीसरा तथा हरियाणा में पहला स्थान हासिल किया है। 9.6 ग्रेड के साथ राजकीय आईटीआई कैथल, पिहोवा, बरवाला, भोडियाखेड़ा और महिला आईटीआई सिरसा ने प्रदेश में संयुक्त रूप से पहला स्थान प्राप्त किया है। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर इन संस्थानों को तीसरी रैंक हासिल हुई है। भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के अंतर्गत प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) द्वारा जारी इस ग्रेडिंग में आईटीआई संस्थानों का मूल्यांकन कई महत्वपूर्ण मानकों के आधार पर किया। इनमें प्रवेश प्रतिशत, महिला सहभागिता, ट्रेड विविधता, परीक्षा परिणाम, सीबीटी परीक्षा में प्रदर्शन, डीएसटी नामांकन तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांग प्रशिक्षुओं के नामांकन जैसे बिंदु शामिल थे। इन सभी मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राजकीय आईटीआई कैथल ने 9.6 का प्रभावशाली ग्रेडिंग स्कोर अर्जित किया। संस्थान की इस उपलब्धि के पीछे आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं, उच्च गुणवत्ता वाली तकनीकी शिक्षा, अनुशासित शैक्षणिक वातावरण तथा प्रशिक्षकों और विद्यार्थियों की अथक मेहनत को प्रमुख कारण माना जा रहा है। संस्थान वर्षों से युवाओं को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार और स्वरोजगार के लिए तैयार कर रहा है। प्रधानाचार्य ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए संस्थान में प्रवेश प्रक्रिया जारी है और बड़ी संख्या में अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि 11 जून तक प्राप्त आवेदनों के आधार पर आईटीआई कैथल प्रदेश में प्रथम स्थान पर बना हुआ है। संस्थान की 924 सीटों के लिए अब तक 1,500 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को तकनीकी एवं रोजगारपरक शिक्षा से जोड़ने के लिए राजकीय आईटीआई में प्रवेश दिलाएं, ताकि वे भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें।



राजकीय आईटीआई कैथल का भवन

### सामूहिक प्रयास का परिणाम



संस्थान के प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे संस्थान के कर्मचारियों, प्रशिक्षकों और विद्यार्थियों की सामूहिक मेहनत एवं समर्पण का परिणाम है। उन्होंने पूरी टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य केवल तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करना नहीं, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाते हुए रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना है।

## आज भी बूंदाबांदी के आसार, गर्मी से मिलेगी निजात

# जींद में बरसात से मौसम सुहावना
# नरवाना में आंधी से पेड़-पोल टूटे

**तापमान में चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट**

### तापमान में आई गिरावट से सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की आवाजाही बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में वीरवार को क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ और बदलते मौसमी तंत्र के प्रभाव से वीरवार शाम को जींद में बरसात से मौसम सुहावना हो गया तथा नरवाना में तेज आंधी के कारण कई जगह पेड़ और बिजली के पोल टूटने से बिजली बाधित हो गई। हालांकि सुबह से ही पूर्वी दिशा से ठंडी हवाएं चलने के कारण मौसम का मिजाज कुछ बदला नजर आया। तापमान में करीब चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। जिससे लोगों ने राहत महसूस की। अधिकतम तापमान 40 और न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि मौसम में आद्रता 47 प्रतिशत व हवा की गति 18 किलोमीटर रही। दिनभर उमस से लोग परेशान रहे और लोगों का पसीना सूखने का नाम नही ले रहा था। क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ और बदलते मौसमी तंत्र के प्रभाव से वीरवार से बूंदाबांदी और बारिश की संभावना बन रही है। इसके चलते अगले दो दिनों तक तापमान में और गिरावट आ सकती है। बादलों की आवाजाही और पूर्वी हवाओं के प्रभाव से अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे रह सकता है। इससे लू का असर भी काफी हद तक कम होगा। बुधवार को अधिकतम तापमान करीब 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया। जबकि एक दिन पहले यह 43 डिग्री के करीब पहुंच गया था। तापमान में आई इस गिरावट के कारण बाजारों, बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की आवाजाही भी बढ़ी। पिछले कई दिनों से दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता था लेकिन मौसम में नरमी आने से लोगों ने राहत की सांस ली। किसानों के लिए भी यह मौसम राहत भरा माना जा रहा है। यदि हल्की बारिश होती है तो खेतों में नमी बढ़ेगी। जिससे खरीफ फसलों की तैयारी में मदद मिलेगी। साथ ही पशुओं को भी गर्मी से राहत मिलेगी। हालांकि अधिक बारिश होने की संभावना नहीं है लेकिन बूंदाबांदी और हलकी वर्षा से वातावरण में ठंडक बनी रहेगी। आने वाले दिनों में फिर से गर्मी बढ़ने की संभावना को देखते हुए सावधानी बरतना जरूरी होगा। फिलहाल पूर्वाई हवाओं और बूंदाबांदी ने लोगों को तपती गर्मी से राहत जरूर प्रदान की है।



**जींद।** जिले में हो रही बरसात का दृश्य। फोटो :हरिभूमि

### बूंदाबांदी के आसार


गांव पांडू पिंडारा मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि अनुमान है कि दो दिन बाद अधिकतम तापमान फिर 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा। दो दिनों तक बादल छाए रहने और कहीं-कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने के आसार हैं। इसके बाद मौसम फिर से शुष्क हो जाएगा और तापमान में बढ़ोतरी होगी।

### कैथलः बरसात के साथ तेज आंधी से कई पेड़ गिरे

**कैथल।** कैथल में वीरवार को रात करीब 8:00 बजे आए तेज तूफान और बरसात के कारण कस्बा कलायत में एक चाय बनाने वाले का खोखा पलट गया जिससे उसमें रखा हजारों रुपये का सामान बिखर गया। गनीमत यह रही की जिस समय खोखा पलटा खोखे के आसपास कोई भी व्यक्ति नहीं था। खोखा पलटने के बाद आसपास के लोग तुरंत प्रभाव से सहायता में जुट गए तथा सामान को एकत्रित किया वहीं दूसरी ओर बरसात के कारण शहर गांव की लिंक मार्ग पर पेड़ गिरने के कारण यातायात भी अवरूद्ध हो गया जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं दूसरी ओर आंधी के बाद आई तेज बरसात के कारण लोगों ने गर्मी से राहत की सांस ली है बता दे कि पिछले तीन दिन से कैथल में तापमान 42 डिग्री को भी पार कर गया था जिसका भीषण गर्मी और लू के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

# आढ़ती से धान खरीद चार करोड़ रुपये हड़पे

- बकाया राशि को देने से इनकार करने तथा धमकी देने का आरोप
- आढती ने निसिंग करनाल की फर्म को धान सप्लाई किया था




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जुलाना के आढ़ती से धान फसल खरीद कर चार करोड़ रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। आढ़ती की शिकायत पर जुलाना थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जुलाना की नई अनाज मंडी के आढ़ती प्रदीप कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी फर्म एमएसएमई से रजिस्ट्रड है। उसकी फर्म फसलों की खरीद व फरोख्त करती है। दो जनवरी 2024 को उसका फर्म पर अमित मोर तथा सुरेंद्र मोर उसकी दुकान पर आए। दोनों ने कहा कि मैसर्ज बीएवी राइस मिल के नाम से निसिंग (करनाल) में उसकी फर्म है। वे उसकी दुकान से धान फसल खरीदना चाहते हैं। सब कुछ तय हाने के बाद उन्होंने 23 जनवरी 2024 से धान फसल भेजना शुरू कर दिया। शुरूआत में फर्म ने बची गई धान राशि का भुगतान ठीक किया। दो जनवरी 2024 को उसका फर्म पर अमित मोर तथा सुरेंद्र मोर उसकी दुकान पर आए। दोनों ने कहा कि मैसर्ज बीएवी राइस मिल के नाम से निसिंग (करनाल) में उसकी फर्म है। वे उसकी दुकान से धान फसल खरीदना चाहते हैं। सब कुछ तय हाने के बाद उन्होंने 23 जनवरी 2024 से धान फसल भेजना शुरू कर दिया। शुरूआत में फर्म ने बची गई धान राशि का भुगतान ठीक किया।जिसके बाद आरोपितों ने कहा कि धान भेजते रहो। चार-पांच माह में आपकी पेमेंट एक साथ कर दी जाएगी। जिसके चलते उसकी चार करोड़ की पेमेंट आरोपितों की तरफ अटक गई। जब उसने आरोपितों से चार करोड़ रुपये की पेमेट मांगी तो आरोपित टाल-मटोल करने लगे। जब उसने राशि के लिए दबाव डाला तो आरोपितों ने राशि देने से मना कर दिया और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी।

### मामले की जांच जारी

जुलाना थाना पुलिस ने आढ़ती प्रदीप की शिकायत पर राइस मिल फर्म के मालिक अमित मोर, सुरेंद्र मोर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जुलाना थाना के जांच अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया कि आढ़ती ने आरोप लगाते शिकायत दी थी। फिलहाल दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



**कलायत।** गांव सिंणद में जुड़ी भीड़ जिसने सुझबुझ से आरोपी को काबू किया

### दो बच्चियों को लेकर जा रहे व्यक्ति को ग्रामीणों ने पकड़ा

**कलायत।** क्षेत्र में बृहस्पतिवार सुबह हैरान कर देने वाली घटना सामने आई। इसमें एक बाइक सवार व्यक्ति 6 से 7 आयु की दो छोटी बच्चियों को रेलवे स्टेशन छोडने के बहाने अपने साथ ले गया। लेकिन वह उन्हें तय स्थान की बजाय करीब 18 किलोमीटर दूर ले गया। रास्ते में मौका मिलते ही बच्चियों ने शोर मचा दिया। इस पर ग्रामीणों ने संदेह होने पर आरोपी को पकड़ लिया। तुरंत डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार दोनों बच्चियां क्षेत्र के एक गांव में अपनी नानी के घर आई हुई थीं। उनकी मौसी पहले ही रेलवे स्टेशन पहुंच चुकी थी। नानी ने बच्चियों के मामा को उन्हें स्टेशन छोडने के लिए फोन किया था। उसके आने में देरी हो रही थी। इसी दौरान वहां से गुजर रहे पंजाब नंबर की बाइक सवार से नानी ने बच्चियों को रेलवे स्टेशन छोडने का आग्रह किया। स्टेशन की दूरी एक से डेढ़ किलोमीटर थी लेकिन आरोपी उन्हें लेकर दूसरी दिशा में निकल गया।

### ऑनलाइन टास्क फ्रॉड मामले में एक दबोचा

**जींद।** साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना साइबर क्राइम टीम ने ऑनलाइन टास्क एवं पार्ट टाइम जॉब के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। साइबर थाना प्रभारी उप निरीक्षक जगदीप ने बताया कि प्रियंका ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसे व्हाट्सअप से पार्ट टाइम जॉब का लालच देकर आरोपितों ने विभिन्न बैंक खातों एवं यूपीआई आईडी में बार-बार कुल तीन लाख 46 हजार जमा करवा लिए थे। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने जांच के दौरान विभिन्न बैंकों से प्राप्त खातों की जानकारी, केवाईसी दस्तावेजों, बैंक स्टेटमेंट एवं तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया गया।

# बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत

## गांव बडनपुर के निकट हादसा, तीन युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव बडनपुर के निकट दो बाइकों के बीच बीती रात हुई भिडंत में एक बाइक सवार की मौत हो गई। जबकि तीन युवक घायल हो गए। सदर थाना नरवाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव बडनपुर निवासी बलवान (36) तथा साहिल बीती रात नरवाना से बाइक पर सवार होकर गांव वापस लौट रहे थे। गांव के निकट ही सामने से आ रहे दूसरे बाइक ने उनके बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बलवान, साहिल तथा दूसरे बाइक पर सवार दोनों युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने चारों घायलों को नागरिक अस्पताल नरवाना पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने बलवान को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे बाइक सवार दोनों युवकों की हालात गंभीर देख अग्रोहा मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। सदर थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



### दीवार को लेकर गांव पीडल में दो गुट भिड़े

**कैथल।** गांव पीडल में दो पक्षों में हुई मारपीट में युवती सहित छह व्यक्ति घायल हो गए। झगड़ा सांझी दीवार को लेकर होना बताया जा रहा है। मारपीट में लाठी-डंडे, गंडासियां और ईंट-पत्थर चले। घायल युवती के सिर में गंडासी लगी, जबकि उसके माता-पिता को भी सिर और कंधों पर गंभीर चोटें आई हैं। दूसरी ओर से भी महिला और पुरुष को मारपीट के दौरान चोटें लगी हैं। घायलों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते पुलिस को शिकायत देने की बात कही है। घायल ऋतु ने बताया कि उनके परिवार और चाचा के बीच सांझी दीवार है आरोप है कि चाचा पक्ष दीवार को तोड़ रहा था। जब परिवार ने इसका विरोध किया तो दूसरे पक्ष के लोगों ने हमला कर दिया।

## रजबाहा रोड पर जन स्वास्थ्य विभाग ने लगाई पाइप लाइन में वाल्व

# 40 फुटा रोड कॉलोनी में पेयजल किल्लत होगी दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

40 फुटा रोड कालोनी में पीने के पानी की समस्या के समाधान को लेकर समाधान शिविर में एसडीएम रमित यादव से मिली महिलाओं का समाधान हुआ। जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा रजबाहा रोड पर जो पीने के पानी की पाइप लाइन है वहां पर वाल्व लगाने का काम किया जा रहा है। यहां पर वाल्व लगने के बाद 40 फूटा रोड कालोनी पर पीने के पानी की सप्लाई को लेकर जो परेशानी चल रही है उसका स्थाई समाधान होगा। वार्ड की महिलाएं पीने के पानी की समस्या के समाधान के लिए एसडीएम रमित यादव से समाधान शिविर में बीते सप्ताह मिली थी। महिला सरोज, बाला, कमला ने कहा कि पीने के पानी की किल्लत से परेशानी हो रही है। गर्मी के मौसम में पानी की खपत बढ़ रही है। एसडीएम ने जन स्वास्थ्य विभाग को गर्मी का मौसम देखते हुए जल्द समाधान के निर्देश दिए थे।



**उचाना।** रजबाहा रोड पीने के पानी की पाइप लाइन में वाल्व लगाने का कार्य करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### समस्या का वाल्व लगने के बाद स्थायी समाधान हो जाएगाः एसडीएम

एसडीएम रमित यादव ने बताया कि उचाना शहर के 40 फुटा रोड कालोनी की महिलाएं पीने के पानी की किल्लत को लेकर मिली थी। जन स्वास्थ्य विभाग एसडीओ को गर्मी का मौसम देखते हुए जल्द समस्या के समाधान के निर्देश दिए गए थे। यहां पर पाइप लाइन में वॉल लगाने का काम शुरू हो गया है। जो समस्या थी उसका वॉल लगने के बाद स्थाई समाधान होगा।

# कलायत में स्थापित होगा सीआईए थानाः डीएसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत में कानून व्यवस्था को अधिक मजबूत बनाने व अपराधों पर अंकुश लगाने के लक्ष्य को लेकर सीआईए थाना जल्द स्थापित होगा। नए थाने का संचालन सरकारी अस्पताल के पुराने भवन से किया जाएगा। इसमें आवश्यक तैयारियां युद्धस्तर पर शुरू कर दी हैं। जिला पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सुदन ने हरियाणा पुलिस महानिदेशक के निर्देशों के अनुरूप कलायत में अलग सीआईए थाना स्थापित करने का निर्णय लिया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर निगरानी और गंभीर मामलों की जांच को अधिक प्रभावी बनाना है। सीआईए थाना शुरू होने से पुलिस की कार्यक्षमता बढ़ेगी और अपराध नियंत्रण में बेहतर परिणाम सामने आने की उम्मीद है। नए थाना की स्थापना से सभी व्यवस्थाओं और तैयारियों की निगरानी डीएसपी रोहतास कुमार कर रहे हैं। डीएसपी ने बताया कि पुराने अस्पताल भवन को सीआईए थाना के रूप में विकसित करने का कार्य तेजी से चल रहा है। भवन में आवश्यक मरम्मत, कार्यालय व्यवस्था, रिकॉर्ड कक्ष और पुलिस कर्मियों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं ।

## खबर संक्षेप

### सीएम के वादे को ठेंगा दिखा रहे अधिकारी : संघ

**जींद।** अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक जींद में एक्सईएन कार्यालय के रेस्ट हाउस में हुई। इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मोती मोर ने की। मंच का संचालन जिला सचिव योगेश शर्मा ने किया। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी से प्रदेश कार्यालय सचिव लोकेश भ्याण बैठक में विशेष रूप से मौजूद रहे। प्रदेश कार्यालय सचिव लोकेश ने कहा कि 15 जून तक ऑफर लेटर नहीं मिलने, एचपीजीसीएल समझौते को लागू नहीं करने और वेतन वृद्धि नहीं होने से हरियाणा के बिजली व अनुबंधित कर्मचारियों में भारी रोष है।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया रैपिड फीवर मास सर्वे

**जींद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरकरामजी के तहत बराह कलां गांव में स्वास्थ्य कर्मियों की टीम द्वारा स्वास्थ्य सुपरवाइजर विजेंद्र सिंह की अगुवाई में रैपिड फीवर मास सर्वे अभियान चलाया गया। इसमें स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने घर-घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच की और मौसमी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया व पंपलेट बांटे। अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मी सोनू, संत कुमार, जितेंद्र सैनी, अमित, संदीप, संजयए कविता की टीम ने गांव के विभिन्न हिस्सों का दौरा किया।

### लघु सचिवालय में 16 और 18 जून को रोजगार मेला

**जींद।** जिला रोजगार अधिकारी डा. अंजू नरवाल ने बताया कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला रोजगार कार्यालय द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 16 तथा 18 जून को लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला रोजगार कार्यालय में रोजगार मेले आयोजित किए जाएंगे। बताया कि रोजगार मेलों का मुख्य उद्देश्य जिले के शिक्षित एवं बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ जोडऩा तथा उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाना है।

### नि:शुल्क हृदय जांच शिविर 13 जून को

**जींद।** कर्नल डीके भारद्वाज ने बताया कि गोहाना रोड स्थित सैनिक वाटिका में 13 जून को सैनिकों और आमजन के लिए फ्री हृदय जांच शिविर एवं मेडिकल शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में अमर अस्पताल मोहाली की टीम ईसीजी, शुगर टेस्ट, बीपी व अन्य लैब टेस्ट एवं मेडिकल चेक अप की सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। कर्नल ने बताया कि ईसीएचएस, सीजीएचएस, हरियाणा सरकार के पूर्व व वर्तमान कर्मचारी, आयुष्मान एवं अन्य सवास्थ्य स्कीमों के लाभार्थियों का हृदय संबंधी और अन्य बीमारी का मुफ्त इलाज किया जाएगा।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, मामला दर्ज

**जींद।** सफीदों से युवती के घर से संदिग्ध हालात में गायब होने पर पुलिस अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सफीदों निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात उसकी बेटी खाना खाकर कमरे में सोई थी। जो सुबह गायब मिली। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा। शहर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### गांव धरौदी से दो बच्चों के साथ महिला लापता

**जींद।** गांव धरौदी से दो बच्चों के साथ महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जींद निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी गांव धरौदी में विवाहित है। गत नौ जून को उसकी बेटी अपने बेटे तथा बेटी के साथ संदिग्ध हालात में गायब हो गई। तलाशने करने पर उसकी बेटी तथा बच्चों का कोई सुराग नही लगा। सदर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

---

### गतिविधियों को और अधिक प्रभावशाली बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा

# बच्चों के सर्वांगीण विकास में एफएलएन गतिविधियां निभा रहीं महत्वपूर्ण भूमिका

### रटने की प्रवृत्ति को समाप्त कर सीखने के लिए प्रेरित करना उद्देश्य

**जिले में निपुण गतिविधियों को गति देने के लिए टीम बनाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन) गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास की मजबूत आधारशिला हैं। यदि प्रारंभिक कक्षाओं में बच्चों को रोचक, गतिविधि आधारित और अनुभवात्मक शिक्षा प्रदान की जाए तो उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और सीखने की प्रक्रिया सहज एवं आनंददायक बन जाती है। यह विचार उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने जिला जींद में एफएलएन गतिविधियों को और अधिक प्रभावशाली बनाने को लेकर आयोजित विस्तृत चर्चा के दौरान व्यक्त किए। जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने जानकारी देते बताया कि जिला जींद में निपुण हरियाणा मिशन के तहत विद्यालयों में विभिन्न नवाचारों और गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धतियों को सफलतापूर्वक लागू किया जा रहा है। इसी क्रम में



**जींद।** डीसी डॉ. वैशाली को फूलों का गुलदस्ता भेंट करते राजेश।

उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा के साथ बैठक कर कक्षा-कक्ष के शिक्षण वातावरण, पाठ्य सहायक सामग्री, पाठ्य सहायक गतिविधियों, टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मटेरियल) तथा प्रिंट रिच वातावरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिला समन्वयक राजेश वशिष्ठ ने हस्तनिर्मित टीएलएम एवं विभिन्न मात्राओं पर आधारित आकर्षक शैक्षणिक सामग्री से तैयार विशेष मात्राओं का गुलदस्ता उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा को भेंट किया। इस अनूठी शैक्षणिक सामग्री की सराहना करते हुए उपायुक्त ने कहा कि इस प्रकार के नवाचार बच्चों में सीखने के प्रति रुचि विकसित करते हैं तथा भाषा कौशल को मजबूत बनाने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं। राजेश वशिष्ठ ने बताया कि जिले में निपुण गतिविधियों को गति देने के लिए ऐसे समर्पित और नवाचारी अध्यापकों की एक टीम बनाई गई है, जिन्होंने अपने विद्यालयों में उत्कृष्ट कार्य करते एक नई मिसाल कायम की है। यह टीम केवल अपने-अपने विद्यालयों तक सीमित नही है बल्कि समय-समय पर अन्य विद्यालयों के शिक्षकों के साथ अपने अनुभव सांझा कर उन्हें भी प्रेरित करती है। इससे जिले के विभिन्न विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा का वातावरण बन रहा है। उन्होंने कहा कि एफएलएन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य बच्चों में रटने की प्रवृत्ति को समाप्त कर उन्हें स्वयं करके सीखने के लिए प्रेरित करना है। खेल-खेल में सीखने, समूह गतिविधियों, भाषा एवं गणित आधारित टीएलएम और अनुभवात्मक शिक्षण के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास विकसित हो रहा है। इसके साथ ही उनकी रचनात्मकता, तार्किक क्षमता और समस्या समाधान कौशल में भी निरंतर वृद्धि देखने को मिल रही है। उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने जिले में किए जा रहे नवाचारों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अध्यापकों को समय-समय पर स मानित किया जाना चाहिए ताकि अन्य शिक्षक भी प्रेरित होकर बेहतर कार्य कर सकें। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जिला प्रशासन की ओर से एफएलएन गतिविधियों को सफल बनाने के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा और बच्चों के हित में किए जा रहे प्रत्येक सकारात्मक प्रयास को प्रोत्साहन मिलेगा।

#### प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाएं

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कौशिक ने भी एफएलएन गतिविधियों को और अधिक प्रभावशाली बनाने पर बल देते हुए कहा कि प्रारंभिक शिक्षा की गुणवत्ता मजबूत होने से बच्चों का भविष्य सुदृढ़ बनता है। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धति को अपना कर प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाएं, ताकि कोई भी बच्चा सीखने से वंचित न रहे। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि जिला जींद में एफएलएन मिशन के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास, आत्मनिर्भर सीखने की क्षमता और सीखने के आनंद को बढ़ाने के लिए निरंतर नवाचार किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयासों से यह अभियान नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है और इसका लाभ जिले के हजारों विद्यार्थियों को मिल रहा है।

---


**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय। *फोटो :हरिभूमि*

## जींदः डॉ. बीआर आंबेडकर लाइब्रेरी में स्थापित होगी देवी सरस्वती की प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित डा. बीआर आंबेडकर लाइब्रेरी में ज्ञान और शिक्षा की प्रतीक देवी सरस्वती की भव्य प्रतिमा जल्द ही स्थापित की जाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रतिमा के डिजाइन, निर्माण, सप्लाई और स्थापना कार्य पर लगभग 10 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। विश्वविद्यालय की ओर से जारी टेंडर के अनुसार लाइब्रेरी के ग्राउंड फ्लोर पर पेडस्टल (आधार मंच) सहित देवी सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। प्रतिमा का डिजाइन आकर्षक और परिसर की शैक्षणिक गरिमा के अनुरूप तैयार किया जाएगा।

इसके लिए अनुभवी एजेंसियों और शिल्पकारों से निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। टेंडर की वित्तीय बोली दो जुलाई को खोली जाएगी। जिसके बाद चयनित एजेंसी को कार्य आवंटित किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि देवी सरस्वती की प्रतिमा विद्यार्थियों को शिक्षा, ज्ञान और संस्कारों के प्रति प्रेरित करेगी। डा. बीआर अंबेडकर लाइब्रेरी विश्वविद्यालय की प्रमुख शैक्षणिक इकाइयों में शामिल है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में विद्यार्थी अध्ययन और शोध कार्य के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में प्रतिमा स्थापना से पुस्तकालय का वातावरण और अधिक प्रेरणादायी एवं सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनेगा। प्रतिमा के साथ आकर्षक पेडस्टल, आसपास सौंदर्यीकरण तथा आवश्यक प्रकाश व्यवस्था की भी व्यवस्था की जाएगी ताकि यह स्थल विद्यार्थियों और आगंतुकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बन सके। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन जल्द ही स्थापना कार्य शुरू कराने की तैयारी में है। इससे परिसर की सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक पहचान को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है।

#### टेंडर लगवा दिया: वीसी

सीआरएसयू वीसी प्रो. डा. रामपाल सैनी ने बताया कि प्रतिमा के लिए टेंडर लगवाया दिया गया है। डा. बीआर आंबेडकर लाइब्रेरी में ज्ञान और शिक्षा की प्रतीक देवी सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। यह विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनेगी। इस पर 10 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।

---

## ईंट-भट्ठा मालिकों को अब जागी सरकार से आस : प्रवीण ढिल्लो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भट्ठा मालिकों को सीएम नायब सैनी की एनसीआर प्लानिंग बोर्ड के साथ 16 जून को होने वाली बैठक से आस जागी है। जिसमे जींद समेत पांच जिलों को एनसीआर से बाहर करने के मुद्दे पर बातचीत होगी। भट्ठा एसो के जिला प्रधान प्रवीण ढिल्लो ने बताया कि जब से जींद को एनसीआर में शामिल किया गया है, उसके फायदे की बजाय जिले को नुकसान हुआ है। काफी सारी पाबंदियां जिले में लग हुई हैं। चाहे उसमें गाड़ियों की आयु हो या अन्य उद्योग। सबसे ज्यादा प्रभावित भट्ठा उद्योग हुआ है। जिले में लगभग सौ ईंट भट्ठे हैं। जो मार्च से जून तक चलते हैं। जिसके बाद बारिश का मौसम आ जाता है और भट्ठे बदं हो जाते हैं। इस बीच कई बार मौसम भी दगा दे जाता है। एनसीआर में जिले के शामिल होने के बाद से ईंट भट्ठों पर कोई काम नही बचा है। अब तो लेबर भी जिले के ईंट भट्ठों पर काम करने के लिए नही आती। क्योंकि काम उन्हें तीन महीने ही मिलता है। जबकि एनसीआर से बाहर के भट्ठों पर उन्हें लगातार काम मिलता है। ऐसे हालात में दोगुनी राशि मे लेबर को लाना पड़ता है। जिसके चलते ईंटों के भाव भी साढ़े आठ हजार रुपये प्रति हजार जा पहुंचे हैं। जो आने वाले समय में ईंट के भाव नौ हजार को पार कर जाएंगें।



#### उद्योगों को भी राहत मिलेगी

कहा कि उनकी यूनियन जिले को एनसीआर से बाहर करने की मांग को लेकर कई बार सीएम नायब सैनी से मिल चुकी है। उन्होंने आश्वासन दिया था कि जींद समेत पांच जिलों को एनसीआर से बाहर किया जाना चाहिए। अब सीएम नायब सैनी की एसीआर मुद्दे को लेकर प्लानिंग बोर्ड से बात होने जा रही है। अगर जिले को एनसीआर से बाहर कर दिया जाए तो ईंट भट्ठों के अलावा अन्य उद्योगों को भी राहत मिलेगी।

### जनहित को समर्पित प्रोजेक्ट उजाला प्रारंभ

**नरवाना।** रोटरी क्लब नरवाना द्वारा समाज सेवा एवं जनहित को समर्पित प्रोजेक्ट उजाला एवं प्रोजेक्ट पहचान के अंतर्गत लगाए गए दो विशेष पोलों का उद्घाटन जिला गवर्नर रोटेरियन रवि प्रकाश द्वारा किया गया। इन पोलों में सोलर लाइट, रोटरी व्हील तथा दिशा-सूचक साइन बोर्ड लगाए गए हैं, जिससे आमजन को मार्ग संबंधी जानकारी प्राप्त होगी। पहला पोल हिसार रोड पर गोशाला की ओर जाने वाले मार्ग पर तथा दूसरा महावीर चौक पर स्थापित कियाहै। रोटरी क्लब नरवाना के प्रधान रोटेरियन विकास सिंगला ने बताया कि इन दोनों स्थानों पर अंधेरा रहने के कारण राहगीरों को काफी परेशानी होती थी। साथ ही बाहर से आने वाले लोगों को यह जानकारी नहीं मिल पाती थी कि संबंधित सड़क किस दिशा में जाती है। इन परियोजनाओं से न केवल क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था बेहतर होगी।

## इंडिया गठबंधन लुटेरों का गिरोह : कंडेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा सहकारी श्रम व निर्माण प्रसंग के पूर्व अध्यक्ष व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता टेकराम कंडेला ने कहा कि इंडिया गठबंधन लुटेरों का गिरोह है। देश में लूट मचाने के लिए झूठ बोल कर लोगों को गुमराह करके देश में अशांति फैलाना चाहते हैं लेकिन यह सफल नहीं होंगे। इनका कोई कार्यक्रम नही है ना कोई एजेंडा है। उनका एक ही कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गाली देना है वे जितनी भी देश के प्रधानमंत्री को गालियां देते हैं जनता हर राज्य में इनको फुल बहुमत से जीत दिलाती है ताकि विपक्ष को पता चले भारतीय जनता पार्टी ने देश हित में विकास कार्य किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल में जबरदस्त विकास हुआ है। जैसे धारा 370 को हटाया गया, तीन तलाक को हटाना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि लागू करना, नक्सलवाद को खत्म करना, जम्मू कश्मीर में उग्रवाद का सफाया करना, प्रधानमंत्री सड़क योजना को सफल बनाना, गरीबों के लिए पांच लाख तक का आयुष्मान कार्ड बनाना, देश की सुरक्षा के लिए सेना का बजट बढ़ाना और देश की सीमाओं को मजबूत करना इस तरह के अनेक प्रकार के कार्य करके देश को आगे बढ़ने का काम किया है।

#### कांग्रेस पार्टी का जनाधार खत्म



कंडेला ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते कहा कि उन्होंने 60 वर्ष के कार्यकाल में भ्रष्टाचार व परिवारवाद को बढ़ावा देकर अनेक प्रकार के घोटाला करके देश को कमजोर करने का काम किया है। आज देश में कांग्रेस पार्टी का जनाधार बिल्कुल खत्म हो चुका है। भारत देश प्रधानमंत्री के हाथों में पूरी तरह से सुरक्षित है। हरियाणा सरकार पर बोलते कंडेला ने कहा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी किसान, मजदूर व गरीब आदमी की बीच में रहकर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए विपक्ष पूरी तरह से परेशान है आने वाले पंजाब विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत निश्चित है।

---


**नरवाना।** योग करते आईटीआई के बच्चे। *फोटो :हरिभूमि*

### विद्यार्थियों ने लिया स्वस्थ जीवन का संकल्प

**नरवाना।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नरवाना में योग जागरूकता एवं अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में योगाचार्या प्रमिला ने विद्यार्थियों को योग एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया तथा स्वस्थ जीवन के लिए योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि जीवन जीने की एक वैज्ञानिक पद्धति है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से मजबूत बनाती है। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। संस्थान के प्राचार्य ओमपाल ने अपने संबोधन में कहा कि योग व्यक्ति को अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित योगाभ्यास करने और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रमों में बढ़चढ़ भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में संस्थान के सभी अनुदेशकों ने विद्यार्थियों के साथ योगाभ्यास में भाग लिया।

## प्रतिदिन योग अभ्यास के लिए प्रेरित किया

- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की तैयारियां तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आयुष महानिदेशक के आदेश अनुसार आयुष विभाग जिला जींद द्वारा जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला के मार्गदर्शन में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की तैयारियों के सिलसिले में आज आयुष विभाग जींद द्वारा नई अनाज मंडी, जुलाना में तीन दिवसीय कॉमन योग प्रोटोकाल का आरंभ किया गया। आज इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण का पहला दिन था। इस प्रशिक्षण शिविर में खंड स्तर के प्रशासनिक अधिकारी, सरपंच, पंच, अन्य निर्वाचित पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी, एनसीसी और स्काउट कैडेट्स तथा इच्छुक जनसाधारण को योग प्रशिक्षण करवाया जाना है। इस आयोजन में आयुष विभाग से डा. कुसुम नोडल अधिकारी, डा. सोनिया, डा. यशपाल, डा. दिक्षा, फार्मासिस्ट अमित, सुनील, देवेंद्र व ब्रीजेश्वरी योग सहायक बलराज, सुमित, संगीत, ज्योति, सोनू, मनीषाख शर्मीला मौजूद रहे। सभी को योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण का अभ्यास नवनीत आयुष योग सहायक द्वारा और प्रदर्शन ज्योति द्वारा बहुत ही सहज तरीके से करवाया गया। योगाभ्यास पूर्ण होने पर डा० कुसुम नोडल अधिकारी ब्लॉक जुलाना ने योगा के फायदों के बारे में जानकारी दी।


**जींद।** योग अभ्यास कार्यक्रम में भाग लेते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

---

### 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

# तनावपूर्ण जीवनशैली-बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं के बीच योग स्वस्थ जीवन का सबसे प्रभावी माध्यम बनकर उभरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में वीरवार को एसडीएम पुलकित मलहोत्रा के मार्गदर्शन में सफीदों की नई अनाज मंडी में तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आयुष विभाग द्वारा आयुर्वेदिक अधिकारी डा. इशिता चुघ की अध्यक्षता में किया गया। शिविर में सैंकड़ों की संख्या में विभिन्न विभागों के कर्मियों, जन प्रतिनिधियों, योग प्रशिक्षकों, स्वास्थ्य कर्मियों, खिलाड़ियों तथा आम नागरिकों ने भाग लिया। डा. इशिता चुघ ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि मानसिक एवं आध्यात्मिक संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वर्तमान समय में तनावपूर्ण जीवनशैली और बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं के बीच योग स्वस्थ जीवन का सबसे प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। उन्होंने बताया कि 21 जून को योग दिवस के अवसर पर सफीदों की नई अनाज मंडी में उपमंडल स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, सामाजिक संगठन तथा आमजन सामूहिक योगाभ्यास करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं और इसी संदर्भ में 11 जून से 13 जून तक तीन दिवसीय योगा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।


**जींद।** शिविर में योग करते साधक। *फोटो :हरिभूमि*

#### योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं

प्रशिक्षण शिविर के दौरान प्रतिभागियों को योगासन, प्राणायाम, ध्यान एवं योग के दैनिक जीवन में महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। योग प्रशिक्षकों ने विभिन्न आसनों का प्रदर्शन करते उनके स्वास्थ्य लाभों से भी अवगत कराया। डा. इशिता चुघ ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक संख्या में 21 जून को होने वाले योग दिवस कार्यक्रम में भाग लें और योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाकर स्वस्थ एवं निरोगी जीवन की ओर अग्रसर हों।

---


**उचाना।** रजबाहा रोड पर लगाई गई ठंडे मीठे पानी की छबील। *फोटो :हरिभूमि*

### रजबाहा रोड पर लगाई ठंडे मीठे पानी की छबील

**उचाना।** भीषण गर्मी के बीच रजबाहा रोड पर समाज सेवी बिंद्र और विकास की ओर से ठंडे मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों व स्थानीय लोगों को शीतल जल पिलाया गया। छबील में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर ठंडे पानी का सेवन किया और इस सेवा कार्य की सराहना की।आयोजकों ने बताया कि गर्मी के मौसम में राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह छबील लगाई गई है। उन्होंने कहा कि प्यासे लोगों को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है और समाज सेवा की भावना से यह आयोजन किया गया। छबील के दौरान आने-जाने वाले लोगों को ठंडा एवं मीठा पानी वितरित किया गया।



इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन का निरीक्षण करते एसडीएम रमित यादव।

### उचाना में इलेक्ट्रिक वाहनों को मिलेगा बढ़ावा: एसडीएम

**उचाना।** पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा देने की दिशा में उचाना में स्थापित इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) चार्जिंग स्टेशन का एसडीएम रमित यादव ने निरीक्षण किया। बिजली निगम कार्यालय के पास स्थित चार्जिंग स्टेशन पर पहुंचकर उन्होंने वहां उपलब्ध सुविधाओं और संचालन व्यवस्था का जायजा लिया। एसडीएम रमित यादव ने कहा कि भविष्य इलेक्ट्रिक वाहनों का है और इसके लिए बेहतर चार्जिंग सुविधाएं उपलब्ध होना आवश्यक है। चार्जिंग स्टेशन की कार्यक्षमता, उपयोगकर्ताओं की संख्या तथा भविष्य की संभावनाओं को लेकर जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ते उपयोग से प्रदूषण में कमी आएगी तथा ईंधन पर निर्भरता भी घटेगी। प्रशासन की प्राथमिकता है कि लोगों को आधुनिक और सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध हों ताकि अधिक से अधिक लोग इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के लिए प्रेरित हों।

## खबर संक्षेप

### परम एकादशी पर जगह जगह लगीं छबीलें

**सीवन।** परम एकादशी के पावन पर्व पर सीवन गांव में विभिन्न स्थानों पर छबील लगाकर राहगीरों और श्रद्धालुओं की सेवा की गई। गांव में आयोजित एक छबील के दौरान वरिष्ठ समाजसेवी रामलाल सरदाना, कृष्ण बंसल, टिंका बंसल, डॉ. रामनिवास शर्मा, केवल कृष्ण मिड्ढा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि गर्मी में प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है।

### समय पर खाद उपलब्ध करवाएं पैक्स प्रबंधक

**कैथल।** किसानों को सुगमता से तथा सही समय पर खाद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. सतीश नारा की अध्यक्षता में पैक्स प्रबंधकों एवं उर्वरक कंपनियों इफको और कृभको के प्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य खाद की आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना तथा किसानों को उर्वरकों के विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूक करना रहा।

### कट्टा और कारतूस सहित आरोपी काबू

**कैथल।** सीआईए कलायत पुलिस द्वारा एक आरोपी को 315 बोर देसी कट्टा व 5 कारतूस सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस पार्टी को खुफिया सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि गांव खरौदी निवासी अशोक उर्फ शौकी गांव खरक पाडवा से सजूमा को जाने वाली सड़क के टी-प्वाइंट पर किसी वारदात को अंजाम देने के इंतजार में खड़ा है तथा उसके पास अवैध असला है। तुरंत रेड कर अशोक को अवैध असला सहित काबू किया गया।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का होगा स्वागत: दीपक

**कैथल।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय कपिल कमल, कैथल में जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी की अध्यक्षता में एक संगठनात्मक बैठक हुई। इसका उद्देश्य भाजपा हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गुप्ता के 15 जून 2026 को होने वाले प्रस्तावित स्वागत समारोह को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श करना तथा तैयारियों को अंतिम रूप देना रहा।

### अखिल भारतीय मानव सेवा समिति पिलाया पानी

**कैथल।** अखिल भारतीय मानव सेवा समिति द्वारा पुरुषोत्तम मास की एकादशी के पावन अवसर पर महाराजा सूरजमल स्टेडियम के सामने बूंदी के लड्डू प्रसाद तथा मीठे पानी की छबील का शुभारंभ किया गया। समिति के प्रधान जोगिंद्र ढूल ने बताया की समिति द्वारा 900 लीटर शीतल जल में दूध और रूह अफजा मिलाकर इस भीषण गर्मी में मानव मात्र की सेवा की।

### मकान से चोरी करने के मामले में आरोपी काबू

**कैथल।** मकान से चोरी करने के मामले की जांच थाना कलायत प्रभारी पीएसआई अमन कुमार की अगुवाई में एचसी सुमित कुमार की टीम द्वारा आरोपी कलायत निवासी बलजीत सिंह को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कलायत निवासी रामफल की शिकायत पर आरोपी बलजीत सिंह को गिरफ्तार किया गया है।

## नई अनाज मंडी में लगा एक दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर

# योग भारत की प्राचीन व अमूल्य विरासत इसे अपनाकर रह सकते हैं निरोग: जांबा

**बीजेपी जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, पूर्व विधायक लीला राम व कुलवंत बाजीगर हुए शामिल**

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में जाखौली अड्डा स्थित नई अनाज मंडी में एक दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बतौर मुख्यातिथि पूंडरी विधायक सतपाल जांबा ने कार्यक्रम में शिरकत की। इसके अलावा बीजेपी जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, कैथल के पूर्व विधायक लीला राम, गुहला चीका के पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर आदि भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य विरासत है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर स्वस्थ एवं निरोग समाज का निर्माण किया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश व प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया है। योग केवल व्यायाम नहीं है, बल्कि यह शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने वाली पद्धति है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव, चिंता और विभिन्न बीमारियां तेजी से बढ़ रही है। ऐसे समय में योग हमें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है। नियमित योगाभ्यास से शरीर में लचीलापन बढ़ता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है तथा मन को शांति और एकाग्रता प्राप्त होती है।


कैथल। योगासन करते विधायक सतपाल जांबा, पूर्व विधायक लीला राम व अन्य।

### योग शिविर में ये रहे मौजूद

इस मौके पर बीजेपी जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, कैथल के पूर्व विधायक लीला राम, गुहला चीका के पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर, मार्किट कमेटी चेयरमैन सतीश शर्मा, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र धीमान, हरपाल शर्मा, जिला प्रशासन की ओर से एडीसी सुशील कुमार, जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश, एसडीएम संजय कुमार, एमडी शुगर मिल कृष्ण कुमार, डीआईपीआरओ नसीब सिंह सैनी के अलावा अन्य प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।


कैथल। विधायक सतपाल जांबा, पूर्व विधायक लीला राम योग प्रतियोगिता में अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### योग का कराया गया अभ्यास

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित शिविर में सामान्य योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण डॉ. एच.एस. हुड्डा योग विशेषज्ञ द्वारा करवाया गया। यौगिक अभ्यास में स्कंद संचालन, ताड़ासन, पादहस्तासन, अर्ध- चक्रासन, त्रिकोणासन, दंडासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, अर्ध-हलासन, पवनमुक्तासन, स्वासन, कपालभाति क्रिया, नाड़ी शोधन, प्राणायाम में अनुलोम विलोम, शीतली प्राणायाम व भ्रामरी प्राणायामों का अभ्यास करवाया गया। ध्यान, संकल्प एवं शांति पाठ के साथ प्रशिक्षण संपन्न हुआ। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी शंकुतला दहिया व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने कार्यक्रम में पहुंचे अतिथिगणों का पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया गया। जिला स्तर पर आयोजित हुए योगासन खेल प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों में विजेता बच्चों को विधायक सतपाल जांबा व अन्य अतिथिगणों द्वारा सम्मानित किया गया।

## रिहायशी क्षेत्र व प्रस्तावित स्कूल के बीच 11 केवी लाइन बनी खतरा

- सेक्टर वासियों ने मुख्यमंत्री से लगाई हस्तक्षेप की गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

एचएसवीपी सेक्टर-18, 19, 20,21, सनसिटी कैथल आदि रिहायशी क्षेत्र के बेहद नजदीक से गुजर रही 11 केवी हाई वोल्टेज विद्युत लाइन को लेकर स्थानीय निवासियों और प्लॉट धारकों में चिंता बढ़ती जा रही है। सेक्टर वासियों का कहना है कि तेजी से विकसित हो रहे इस आवासीय क्षेत्र में जहां बड़ी संख्या में मकानों का निर्माण कार्य चल रहा है, वहीं दूसरी ओर यह विद्युत लाइन आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार सेक्टर-18 में आने वाले समय में आबादी और गतिविधियां काफी बढ़ने वाली हैं। इसके बावजूद 11 केवी लाइन अभी भी रिहायशी क्षेत्र के बीचों-बीच और बेहद नजदीक से गुजर रही है। लोगों का कहना है कि छोटे बच्चों, बुजुर्गों और यहां रहने वाले परिवारों की सुरक्षा को देखते हुए इस लाइन का स्थानांतरण जरूरी हो गया है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि यह विद्युत लाइन प्लॉट नंबर 1285, 1265, 1255, 1254, 1393, 1394, 1395, 1396-पी एवं 1397-पी के आसपास से गुजर रही है। इसके अलावा प्लॉट नंबर 1174, 1175, 1176, 1177, 1178, 1186, 1219 और 1220 भी इसके प्रभाव क्षेत्र में आते हैं। लोगों के अनुसार विशेष रूप से प्लॉट नंबर 1396-पी और 1397-पी के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने बिजली पोल लगे होने के कारण भवन निर्माण और आने-जाने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।


कैथल। एचएसवीपी के सेक्टर से गुजर रहे हाई वोल्टेज के तार।

### अस्पताल भी बन रहे

सेक्टर वासियों ने बताया कि इस क्षेत्र के नजदीक चिल्ड्रन पार्क स्थित है, जहां रोजाना बच्चे खेलने के लिए आते हैं। इसके अलावा यहां प्रस्तावित वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भी बनना है। वहीं 24 मीटर चौड़ी सड़क पर दो मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पतालों का निर्माण कार्य भी जारी है। ऐसे में भविष्य में यहां विद्यार्थियों, मरीजों, अभिभावकों और आम लोगों की आवाजाही काफी बढ़ जाएगी। लोगों का कहना है कि स्कूल और अस्पताल जैसे संवेदनशील संस्थानों के आसपास हाई वोल्टेज लाइन का होना सुरक्षा की दृष्टि से चिंता का विषय है। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो भविष्य में किसी अप्रिय घटना की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। स्थानीय निवासियों ने कहा कि सरकार द्वारा शहरी क्षेत्रों में बेहतर सुविधाओं और सुरक्षित वातावरण के लिए योजनाएं बनाई जा रही हैं। ऐसे में विकसित हो रहे सेक्टरों में बिजली ढांचे को सुरक्षा मानकों के अनुसार व्यवस्थित किया जाना चाहिए।

## पूर्व विधायक ने किया पौधारोपण

- गांव वासियों के साथ शहीद स्थल तक की पैदल यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

भारतीय जनता पार्टी द्वारा बारह साल विश्वास के , विकास के , जनकल्याण के कार्यक्रम के तहत पूर्व विधायक भाई लीलाराम ने गांव के क्योडक में शहीद स्थल तक पैदल यात्रा में भाग लिया। सुबह गाँव क्योड़क में पहुंचे पूर्व विधायक ने सभी गांववासियों के साथ मिलकर के बस स्टैंड से लेकर के शहीद जिले सिंह की समाधि स्थल तक पैदल यात्रा की।

सभी लोगों ने हाथों में तिरंगे उठाकर के भारत माता की जय वंदेमातरम बोलते हुए शहीद स्थल तक पहुंचे और शहीद को मालार्पण करके उनको नमन किया। लीला राम ने बताया कि मोदी जी ने पिछले 12 सालों में देश को अलग पहचान दिलाई है । मोदी जी दिन रात काम करते हैं और नई सोच और विश्वास के साथ काम करते हैं । यही कारण है कि आज पूरा देश मोदी जी के साथ खड़ा है । इसी के साथ अगले पड़ाव में गाँव मानस में पहुंचे लीलाराम ने गौतम ऋषि के आश्रम में पहुंचकर ग्रामीणों के साथ मिलकर के पौधारोपण किया। ग्रामीणों ने गौतम ऋषि आश्रम में पहले से ही पौधों की व्यवस्था की हुई थी।


कैथल। पूर्व विधायक लीला राम पैदल यात्रा निकालते हुए। फोटो: हरिभूमि

### अतिथि अध्यापकों के नियमितीकरण के लिए प्रदर्शन 15 जून को

**कैथल।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राज्य प्रधान प्रभु सिंह,महासचिव रामपाल शर्मा, कैशियर संजीव सिंगला, वरिष्ठ उपप्रधान गुरमीत सिंह, उपमहासचिव कृष्ण नैन, संगठन सचिव सुखदर्शन सरोहा, ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के फैसले अनुसार प्रदेश के सरकारी स्कूलों में लंबे समय से कार्यरत अतिथि अध्यापकों के अतिशीघ्र नियमितीकरण हेतु राजकीय अनुबंधित अध्यापक संघ के आह्वान पर 15 जून को शिक्षा मंत्री के पानीपत स्थित कैंप कार्यालय पर होने वाले प्रदर्शन में बड़ी संख्या में अध्यापक भाग लेंगे।

## देश ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ

- पीएम नरेंद्र मोदी का 12 वर्ष का कार्यकाल ऐतिहासिक रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

हरियाणा राइस मिलर्स एवं डीलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा ने केंद्र की मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण की नई ऊंचाइयों को छुआ है। यह अवधि केवल शासन का नहीं, बल्कि सेवा, संकल्प और समृद्धि के संकल्प को धरातल पर उतारने का एक ऐतिहासिक अध्याय रही है। यह यात्रा भारत के बदलते स्वरूप, मजबूत होती अर्थव्यवस्था और आमजन के जीवन स्तर में आए व्यापक सुधार की गवाह रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं, जिसके परिणामस्वरूप भारत वैश्विक मंच पर एक मजबूत और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में उभरा है।

### लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव



यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए अमरजीत छाबड़ा ने कहा कि सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को व्यवहारिक रूप देकर करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है। गरीब कल्याण, किसान हित, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के लिए रोजगार और उद्यमिता के अवसर बढ़ाने के साथ-साथ आधारभूत ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि देश में सड़क, रेल, हवाई और डिजिटल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। पिछले 12 वर्षों की उपलब्धियां इस बात का प्रमाण हैं कि मजबूत नेतृत्व, स्पष्ट नीतियों और जनभागीदारी के बल पर किसी भी राष्ट्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है।



## निःशुल्क बस यात्रा हरिद्वार गंगा स्नान के लिए रवाना

**कैथल।** श्री खाटू श्याम एवं सालासर सेवा समिति की गंगा स्नान के लिए निःशुल्क बस यात्रा हरिद्वार गंगा के लिए वीरवार को सेक्टर 20 लक्ष्मीनारायण मंदिर से रवाना हुई। मुख्यातिथि विनोद खुरानिया पहुंचे। यह बस उनके माता पिता स्वर्गीय राम निवास खुरानिया स्वर्गीय माता अंगूरी देवी की याद में भेजी गई। मुख्य अतिथि को पंकज मित्तल ने पटका पहनाकर स्वागत किया। भीम सेन वधवा, राजीव चौधरी ने जुगल किशोर ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। संस्था के प्रधान मनोज सिंगला ने उनका यहां पहुंचने पर स्वागत किया। विनोद खुरानिया ने श्री खाटू श्याम एवं सालासर सेवा समिति को बधाई देते हुए कहा कि समिति सराहनीय कार्य कर रही है। खुरानिया ने सभी श्रद्धालुओं को फ्रूट की टोकरी वितरित की।

## ज्ञान दान बुक बैंक में दीं किताबें

- जींद रोड स्थित डाइट में चल रहा ज्ञान दान बुक बैंक

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

जरूरतमंद बच्चों को किताबें आसानी से उपलब्ध हो, इसके लिए जिला स्तर पर ज्ञान दान बुक बैंक चल रहा है। जिला के नागरिकों द्वारा निरंतर पूर्ण सहयोग दिया जा रहा है। इसी कड़ी में गांव संतोख माजरा के सरपंच आशीष रसीला की अगुवाई में रहमत मसीह, दाऊद मसीह, प्रवेश व लेखराज वीरवार को लघु सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय पहुंचे और डीसी अपराजिता को बच्चों को यूपीएससी की तैयारी हेतु ज्ञान दान बुक बैंक के लिए 44 पुस्तकें दान की। डीसी ने गसराहना करते हुए कहा कि पुस्तकों का दान बहुत बड़ा दान होता है। कई बच्चे पुस्तकों के अभाव के कारण जीवन में आगे बढ़ नहीं पाते। प्रतिभावान बच्चों को यदि पुस्तकें पढ़ने के लिए मिल जाए तो वे जीवन में कामयाब हो सकते हैं।


कैथल। गांव संतोख माजरा के सरपंच आशीष रसीला व अन्य पुस्तक दान करते हुए।

### पुरानी पुस्तकें भी कर सकते हैं दान

उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों का भी आह्वान किया है कि वे अपने निजी कोष से भी पुस्तकें खरीद कर या पुरानी पुस्तकों को डाइट कैथल में दान करें। आमजन कार्यदिवस के दौरान सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक जींद रोड स्थित डाइट में स्थापित किए गए ज्ञान दान बुक बैंक में पुस्तकें दान कर सकते हैं।

## योग और यज्ञ हमारी प्राचीन संस्कृति का हिस्सा : रमा देवी



**कैथल।** सेक्टर 20 हुड्डा पार्क में चल रहे सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर व सर्व रोग निवारण शिविर के दसवें दिन का शुभारंभ अतिथि मंडल रमादेवी, कश्मीरी गर्ग, सुनीता, विजय सोनी, संतोष, ओमप्रकाश प्रजापति, सुरेश प्रजापति, राजबाला, महेंद्र इंस्पेक्टर द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। युवा भारत जिला प्रभारी अनिल गुप्ता व युवा भारत शहर प्रभारी अनिल राणा ने आसन व प्राणायाम का पूरा पैकेज करवाया जिस में विशेष तौर पर मोटापा कम करने के अभ्यास करवाए गए। भारत स्वाभिमान प्रभारी व शिविर संयोजक रामचरण ने बताया कि मोटापा सब बीमारियों की जड़ है इसलिए हमें अपने खान-पान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। सुबह के भोजन में अंकुरित अन्न अंकुरित मेथी का उपयोग करना चाहिए व दोपहर के भोजन से पहले कच्ची सब्जियां सलाद का उपयोग करना चाहिए।

**पहल** डीसी अपराजिता ने ली शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक

# सरकारी स्कूलों में बढ़ाएं विद्यार्थियों की संख्या, ड्राप आउट पर भी लगाएं रोक

**स्कूल खुलने से पहले लैब साफ-सफाई, ग्राउंड की देखरेख, शौचालयों और पेयजल की पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

डीसी अपराजिता ने कहा कि जिला में 594 राजकीय स्कूलों में 89 हजार 238 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। जुलाई माह में दाखिलों की संख्या बढ़ाई जाए। सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहें और ड्रॉप आउट न करें। जुलाई माह में स्कूल खुलेंगे, इससे पहले लैब, साफ-सफाई, ग्राउंड की देखरेख, शौचालयों व पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। समय-समय पर स्कूलों का निरीक्षण भी किया जाए। डीसी लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में शिक्षा विभाग की विभिन्न स्कीमों की समीक्षा बैठक के दौरान दिशा-निर्देश दे रही थी। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को कहा कि वे शिक्षा, खेल व अन्य गतिविधियों के क्षेत्र में उपलब्धि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की रिपोर्ट तैयार करें। गत वर्ष और इस वर्ष की अलग से तुलनात्मक रिपोर्ट भी तैयार करें। ऐसे छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाए, जिन्होंने प्रदेश में अच्छी उपलब्धि हासिल की हो।


कैथल। डीसी अपराजिता शिक्षा विभाग की विभिन्न स्कीमों की समीक्षा बैठक लेते हुए।

### जेईई एडवांस में 7 बच्चों ने क्वालीफाई किया

बैठक में शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए कहा कि सुपर 100 में आईआईटी-जेईई एडवांस में जिला कैथल के 7 बच्चों ने क्वालीफाई किया है। कैथल जिला प्रदेश में पांचवें स्थान पर रहा। इन विद्यार्थियों में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय देवबन के विद्यार्थी प्रतिष्ठा पांचाल, राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीवन का छात्र रवि कुमार, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाता का छात्र हर्षदीप, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धौंस का छात्र नवीन कुमार, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बालू का छात्र राहुल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टीक का छात्र हिमांशु, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेरधा का छात्र अमन शामिल रहा।

## एसडीएम ने सुनीं जन शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

कैथल के लघु सचिवालय में समाधान शिविर में एसडीएम संजय कुमार ने आमजन की शिकायतें सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

शिविर में परिवार पहचान पत्र में आय ठीक करवाने, प्रॉपर्टी आईडी में त्रुटि तथा भूमि पर अवैध कब्जे सहित अन्य शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। एसडीएम संजय कुमार ने कहा कि समाधान शिविरों का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का एक ही स्थान पर त्वरित एवं पारदर्शी समाधान उपलब्ध करवाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत की तथ्यात्मक जांच कर निर्धारित समयावधि में उसका निस्तारण किया जाए तथा शिकायतकर्ताओं को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

शिविर में वार्ड नंबर-31 निवासी एक महिला ने परिवार पहचान पत्र में दर्ज अपनी पारिवारिक आय को संशोधित करने संबंधी शिकायत प्रस्तुत की। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह तलाकशुदा है तथा एक बेटी के साथ अपने पिता के पास रह रही है। वर्तमान में पीपीपी में उसकी आय अधिक दर्ज होने के कारण उसे विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में परेशानी हो रही है। इस अवसर पर उनके साथ डीएसपी रमेश कुमार, डीडीपीओ रितु लाठर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


कैथल। एसडीएम संजय कुमार लोगों की शिकायत सुनते हुए।

## खबर संक्षेप



जींद। समाधान शिविर में समस्याएं सुनते हुए एसडीएम रमित यादव।

### समस्याओं को लेकर समाधान शिविर में पहुंचे लोग

**उचाना।** उपमंडल कार्यालय के सभागर में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम रमित यादव ने क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। शिविर में बिजली निगम से जुड़ी विभिन्न शिकायतें सामने आईं। लोगों ने बिजली कनेक्शन, ट्रांसफार्मर संबंधी समस्याओं तथा बिजली आपूर्ति में आ रही दिक्कतों को लेकर अपनी शिकायतें दर्ज करवाईं। वहीं पेयजल से जुड़ी समस्याएं भी प्रमुखता से उठाई गईं।

### पेंशन सत्यापन के लिए एरिया सभा 16 जून को

**सीवन।** नगर में दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना, वृद्धावस्था पेंशन एवं विधवा पेंशन योजना के लाभार्थियों के सत्यापन के लिए नगर पालिका की ओर से 16 जून दिन मंगलवार को एरिया सभा की बैठक का आयोजन किया जा रहा है। इस बैठक में संबंधित सभी लाभार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी, ताकि उनके कागजातों का सत्यापन किया जा सके।

### लोक निर्माण शाखा के प्रधान बने अजमेर लाठर

**जींद।** आल हरियाणा गर्वमेंट पीडब्लूयडी मेकेनिकल वर्करज यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ की बैठक यूनियन कार्यालय में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान विजेंद्र शर्मा ने की। बैठक का मुख्य मुद्दा चुनाव को लेकर रहा। सर्वसमिति से अजमेर लाठर को लोक निर्माण शाखा का प्रधान चुना गया। वहीं प्रवीण बड़ोत को सचिव, विकास सोलंकी को कोषाध्यक्ष, उपप्रधान भूप सिंह, संगठन सचिव सोहन लाल, सहायक सचिव अंकित शर्मा, मुख्य संगठनकर्ता गुरमीत सिंह, ऑडिटर जगत मेहरा, प्रचार सचिव अरुण कुमार, मुख्य सलाहकार साहिल लोहन को चुना गया।

### खेत बचाओ अभियान के के तहत जागरूकता शिविर

**जींद।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा उप निदेशक गिरीश नागपाल के मार्गदर्शन एवं उप मंडल कृषि अधिकारी के निर्देशानुसार खंड सफीदों के गांव बहादुरपुर में ग्राम स्तरीय खेत बचाओ अभियान के तहत किसानों को जागरूक किया। इस मौके पर मंजीत कुमार बीटीएम ने किसानों को अपने खेतों मे रासायनिक उर्वरकों का उपयोग मिट्टी व पानी की जांच की आधार पर ही करने बारे अवगत करवाया। इसके साथ साथ किसानों को मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बचाने के लिए हरी खादों, गोबर की खादए जीवामृत एवं घन जीवामृत के उपयोग बारे जागरूक किया एवं किसान कीटनाशकों का उपयोग वैज्ञानिक सलाह के आधार पर करने बारे सुझाया गया।

# लिंगानुपात सुधारने के लिए जींद में अल्ट्रासाउंड केंद्रों की सघन जांच

## जिलेभर में स्वास्थ्य विभाग की उतरी 13 टीमें

- लोगों को अपनी सोच बदलने की जरूरत : डा. राजेश भोला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

जींद को प्रदेश में फिर से बादशाहत कायम करने के लिए जींद का स्वास्थ्य विभाग सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली के नेतृत्व में लगा हुआ है। गुरूवार को स्वास्थ्य विभाग की 13 टीमों ने जिले में चल रहे अल्ट्रासाऊंड केंद्रों की जांच की और रिकार्ड चेक किया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जींद में अल्ट्रासाऊंड की चेकिंग के लिए पीएनडीटी के प्रभारी डिप्टी सिविल सर्जन डा. पालेराम और एलएमओ डा. ज्योति की डयूटी छह अल्ट्रासाऊंड केंद्रों की चेकिंग के लिए लगाई गई थी। एसएमओ डा. रघुवीर और एलएमओ डा. गुंजन की टीम ने पांच अल्ट्रासाऊंड को चैक किए। डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला और एलएमओ डा.वंदना ने भी पांच अल्ट्रासाऊंड केंद्रों की जांच की।



जींद। अल्ट्साऊंड केंद्रों की जांच करते हुए डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला।

### जींद जिला 2022 से लेकर 2023 तक पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर रहा

स्वास्थ्य विभाग के आंकडों के अनुसार अप्रैल माह में हरियाणा प्रदेश का लिंगानुपात 898 रहा है। इसके साथ ही जींद जिले का लिंगानुपात 872 रहा है। लिंगानुपात के मामले में जींद जिला 2022 से लेकर 2023 तक पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर रहा था। 2023 में जिले का लिंगानुपात 986 था, जो हरियाणा के 916 औसतन अनुपात से बहुत ज्यादा था। इसके बाद जिले में लिंगानुपात कम होता गया। अप्रैल 2026 में जिले का लिंगानुपात कम होकर 872 तक आ गया। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है।

### 35 गांव ऐसे जिनका 500 से भी कम लिंगानुपात

जिले के 35 गांव ऐसे हैं जिनका लिंगानुपात 500 से भी कम है। इससे साफ है कि इन गांवों में लड़कियों के मुकाबले जन्म लेने वाले लड़कों की संख्या दोगुने से भी ज्यादा रही। इनमें बागडू खुर्द गांव में नौ लड़कों पर एक लड़की ने जन्म लिया। ईंटल खुर्द में सात पर एक, कर्मगढ़ में चार पर एक, पालवां व सिवाहा में 11 लड़कों पर तीन लड़कियों ने जन्म लिया है। ऐसे में 35 गांव हैं, जहां पर लड़कों की संख्या लड़कियों के दोगुने से भी ज्यादा रही है।

### बेटे और बेटी में न करें फर्क

डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि लोगों को अपनी सोच बदलने की जरूरत है। गिरते लिंगानुपात को लेकर सिविल सर्जन ने कहा कि यह सब लोगों की सोच के कारण हुआ है। लोगों को बेटे और बेटी में कोई फर्क नहीं करना चाहिए। भगवान ने लोगों को जो दिया हैए उसको खुश होकर स्वीकार करना चाहिए। आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं है। बेटियों ने हर क्षेत्र में अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। चाहे खेल का क्षेत्र हो या फिर प्रशासनिक क्षेत्रए हर जगह पर बेटियां काम कर रही हैं।

### प्रदेश में जींद की रही है बादशाहत

जींद जिले की लिंगानुपात के मामले में प्रदेश में बादशाहत कायम रही है। इस बादशाहत को कायम रखने के लिए अब फिर स्वास्थ्य विभाग ने प्रयास तेज कर दिए हैं। अधिकारियों के निर्देश के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार अल्ट्रासाऊंड केंद्रों पर नजर बनाए हुए हैं।

### छह गांव ऐसे, जहां अप्रैल माह में एक भी लड़की ने जन्म नहीं लिया

जींद जिले में छह गांव ऐसे हैं, जहां अप्रैल महीने में एक भी लड़की ने जन्म नहीं लिया है। जिले के रामपुरा, कारखाना, रामराये खेड़ा, खेड़ी जाजवान, तेली खेड़ा व रजाना खुर्द में अप्रैल महीने में एक भी लड़की ने जन्म नहीं लिया। इन छह गांवों में रामपुरा में चार, कारखाना में एक, रामराय खेड़ा में एक, खेड़ी जाजवान में एक, तेली खेड़ा में दो व रजाना खुर्द में एक लड़के ने जन्म लिया है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने जिले के 147 गांवों का लिंगानुपात 900 से कम आने पर सरपंचों समेत उन प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों को नोटिस जारी किए हैं। जिनके अंतर्गत यह गांव आते हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों से इस बारे में जवाब मांगा गया है।




जींद। छात्तर गांव में सैन समाज चौपाल निर्माण का शिलान्यास करते हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

### गांव छात्तर में सैन समाज चौपाल का शिलान्यास विधायक देवेंद्र अत्री ने रखी आधारशिला

**उचाना।** छात्तर गांव में सैन चौक के पास सैन धर्मशाला के निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने समाज के गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में किया। 31 लाख रुपए से इसका निर्माण होगा। इस दौरान ग्रामीणों एवं सैन समाज के लोगों ने विधायक का स्वागत किया। अत्री ने कहा कि सैन समाज चौपाल सामाजिक एकता, भाईचारे और सामुदायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए समर्पित होगी। प्रदेश सरकार का उद्देश्य और दायित्व सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र के साथ समाज के हर वर्ग के विकास को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि चौपाल के निर्माण से सामाजिक कार्यक्रमों, बैठकों एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। सरकार गांवों के विकास और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। सभी के सहयोग और सहभागिता से विकसित उचाना का सपना अवश्य साकार होगा। इस मौके पर श्रवण मांडी, सरपंच ओमप्रकाश, धर्मबीर सैन, शमशेर सैणी, समेरा, राजा, मनी, जयबीर, बलजीत, बलबीर सैन, संदीप वाल्मीकि मौजूद रहे।

# बिजली समस्या से परेशान नगूरां गांव के लोग एसडीओ से मिले

- ग्रामीणों को दिया समाधान का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अलेवा

गांव नगूरां में बार-बार बिजली के कटों से परेशान ग्रामीणों का गुस्सा अब खुलकर सामने आने लगा है। बिजली आपूर्ति में लगातार आ रही बाधाओं और विभागीय अनदेखी से परेशान ग्रामीण वीरवार को नगूरां सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप के नेतृत्व में नगूरां निगम एसडीओ आन्नंद कुमार से मिले। एसडीओ ने ग्रामीणों को समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। नगूरां सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप तथा ग्रामीण सुरेंद्र, नरेश आदि ने बताया कि गांव में चलने वाली बिजली आपूर्ति में दिन की तो दूर बात रात को भी बार-बार कट लग रहे हैं। कटटों का सिलसिला लंबे-लंबे समय का होता है। जिसके कारण लोगों को गर्मी के मौसम में बिजली समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बिजली के दिन में भी इतने अघोषित कट होते हैं कि लोगों को जलघर से मिलने वाली सप्लाई भी पूरी नहीं मिल रही है। मामले को लेकर अनेक बार कर्मचारियों से बात की जाती है तो उनके द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता है।



अलेवा। बिजली समस्या को लेकर नगूरां निगम एसडीओ से मिलते नगूरां सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# महाविद्यालयों में दाखिले के दौरान छात्र कर रहे गलतियां

- जानकारी अपलोड करने के कारण आवेदन में मिल रहे आब्जेक्शन, मोबाइल पर भेजे जा रहे मैसेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

यूजी कोर्स में कालेजों में आनलाइन आवेदन करते समय विद्यार्थियों द्वारा अधूरी जानकारी अपलोड करने के कारण आवेदन में आब्जेक्शन आ रहे हैं। विद्यार्थी आवेदन करते समय 12वीं कक्षा का रिजल्ट आने से पहले फार्म भरना, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, दस्तावेज साफ अपलोड नहीं करने जैसी समस्याओं के कारण विद्यार्थियों के आवेदनों पर आब्जेक्शन लग रहा है। आब्जेक्शन लगने के बाद विद्यार्थी के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर मैसेज जाता है। वहीं जिस कालेज के पास विद्यार्थी के दस्तावेज पहली प्राथमिकता के आधार पर सत्यापन के लिए जाते हैं, वह दाखिला कमेटी भी विद्यार्थी को फोन कर आब्जेक्शन दूर करने के लिए कह रही है। शहर के राजकीय पीजी कालेज की बात की जाए तो वहां अब तक विभिन्न 13 संकायों में 2187 आवेदन आ चुके हैं, जिसमें से 1138 आवेदन पहली प्राथमिकता के आधार पर हैं।



जींद। दाखिला आवेदन करने आई छात्रा। फोटो : हरिभूमि



जींद। बैठक को संबोधित करते हुए पदाधिकारी।

**रोहतक की गेस्ट शिक्षिका सुलेखा दलाल को निलंबित किए जाने पर जताया रोष**

### संघ ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से मांगा इस्तीफा

**जींद।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कार्यकारिणी की बैठक वीरवार को जाट धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में रोहतक की गेस्ट शिक्षिका सुलेखा दलाल को बिना कारण बताए निलंबित किए जाने की कड़ी निंदा की गई तथा इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं संविधान प्रदत्त लोकतांत्रिक अधिकारों पर सीधा हमला बताया गया। जिला प्रधान संजीव ढांडा एवं जिला सचिव सन्नी डागर पटवारी ने कहा कि किसी भी नागरिक, कर्मचारी अथवा शिक्षक को सार्वजनिक महत्व के मुद्दों पर अपनी राय रखने तथा पेपर लीक, भर्ती घोटालों एवं युवाओं के भविष्य से जुड़े सवाल उठाने का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। यदि कोई शिक्षिका एक मां के रूप में विद्यार्थियों के भविष्य की चिंता व्यक्त करती है तो उसे दंडित करना लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न परीक्षाओं में हुई अनियमितताओं और पेपर लीक की घटनाओं ने युवाओं एवं विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। ऐसे में इन मुद्दों को उठाने वालों पर कार्रवाई करना समस्या का समाधान नहीं है। सरकार को दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। बैठक में मांग की गई कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा दें।

## न्यूज डायरी

### रक्तदान शिविर में 101 यूनिट रक्त एकत्रित

**जींद।** स्व. परमजीत सिंह की 10वीं पुण्यतिथि पर विजय नगर जींद स्थित कार्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस रक्तदान शिविर में 101 यूनिट दानवीरों ने अपना रक्तदान कर स्व परमजीत सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य प्रमोद सहवाग ने यह जानकारी देते हुए बताया कि बड़े भाई स्व परमजीत सिंह की स्मृति में उनकी दसवीं पुण्यतिथि पर जिला रेडक्रास के सहयोग से लगातार दसवें वर्ष रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर में काफी संख्या में युवाओं ने रक्तदान कर स्व परमजीत सिंह को अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

### समाजसेवी राजकुमार गोयल सम्मानित

**जींद।** आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के तत्वावधान में आर्य गुरुकुल अहिरका में आयोजित सात दिवसीय आर्य वीर दल प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह उत्साह, अनुशासन एवं वैदिक वातावरण के बीच संपन्न हुआ। समापन अवसर पर आर्य युवकों ने योगासन, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, जूडो कराटे एवं व्यायाम की प्रभावशाली प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। समारोह उपरांत शिविर को सफल बनाने में सहयोग देने वाली विभिन्न सामाजिक हस्तियों को सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल को उनके सामाजिक योगदान तथा प्रशिक्षण शिविर में विशेष सहयोग के लिए शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### खेल-खेल में मिलेगी साइबर व सड़क सुरक्षा की सीख

**कैथल।** एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने हिंदी प्राध्यापक डॉ. विजय कुमार चावला द्वारा तैयार किए गए 'साइबर सुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता खेल पिटारा' का बुधवार को विमोचन किया । इस अवसर पर साइबर एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. चावला को सम्मानित भी किया गया। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि कैथल हरियाणा का पहला जिला बन गया है, जहां सभी विद्यालयों में 'साइबर सुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा खेल पिटारा' तथा सड़क सुरक्षा जागरूकता गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा। शिक्षा विभाग के सहयोग से विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं आमजन को खेल-खेल में सुरक्षित डिजिटल व्यवहार और यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

### फर्स्ट एड प्रशिक्षण व्यवस्था से मानव जीवन सुरक्षित

**गुहला चीका।** फर्स्ट एड की जानकारी से न केवल स्वयं का जीवन सुरक्षित रहता है बल्कि दूसरों को सुरक्षित होने का अवसर प्राप्त होता है। यह विचार फर्स्ट एड कौंसिल ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सीईओ डॉ शाबब आलम ने अंतरराष्ट्रीय मास्टर ट्रेनर गोल्ड मेडलिस्ट डॉक्टर राजा सिंह झींजर को राष्ट्रीय स्तर पर फर्स्ट एड, सीपीआर एवं एईडी प्रशिक्षण की जिम्मेदारी देते हुए कहे। उन्होंने कहा कि एक समुचित फर्स्ट एड प्रशिक्षण व्यवस्था से ही मानव जीवन को सुरक्षित रखा जा सकता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सीईओ डॉ शाबब आलम ने कहा कि फर्स्ट एड कौंसिल ऑफ़ इंडिया का एकमात्र लक्ष्य शत प्रतिशत लोगों को फर्स्ट एड व सीपीआर जीवन रक्षक प्रशिक्षण में इतना दक्ष बनाना है कि घायल एवं पीड़ित के आंसुओं को खुशी में बदल सकें। ,

### निक्षय शिविर में 60 लोगों की हुई टीबी स्क्रीनिंग

**उचाना।** राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा उचाना कलां में 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान के अंतर्गत निक्षय शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्देश्य टीबी रोग की समय पर पहचान कर इसके प्रसार को रोकना और टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को साकार करना रहा। शिविर के दौरान डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, धूम्रपान करने वाले, परिवार में टीबी मरीज होने तथा 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों सहित संवेदनशील श्रेणी के 60 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई। इनमें ऐसे लोगों को भी शामिल किया गया जो किसी कारणवश सरकारी अस्पतालों तक नहीं पहुंच पाते हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 35 लोगों के एक्स-रे किए।

### खाद-डीजल के बढ़े दाम किसानों पर बोझ : राणा

**राजौंद।** इंडियन नेशनल लोकदल के जिला मीडिया प्रभारी कंवर पाल राणा ने कहा कि सरकार द्वारा लगातार खाद और डीजल के दामों में बढ़ोतरी किए जाने से किसानों की खेती की लागत में भारी इजाफा हो रहा है। उन्होंने कहा कि किसान पहले ही आर्थिक तंगी से जूझ रहा है और अब बढ़ती महंगाई ने उसकी कमर तोड़ दी है। राणा ने कहा कि डीजल के बढ़े दामों का सीधा असर खेती पर पड़ रहा है, क्योंकि ट्रैक्टर चलाने, सिंचाई करने और फसल की ढुलाई तक हर काम में डीजल की आवश्यकता होती है। ऐसे में डीजल महंगा होने से प्रति एकड़ लागत सैकड़ों रुपये बढ़ गई है।उन्होंने बताया कि सरकार ने जरूरी खादों जैसे यूरिया,डीएपी और पोटाश के दामों में भी भारी बढ़ोतरी की है,जिससे किसान चारों तरफ से घिर गया है।

### कबूतर उड़ाने को लेकर विवाद, छह युवक घायल

**कैथल।** पुलिस ने गांव ककहेड़ी में कबूतर उड़ाने को लेकर हुए विवाद मामले में छह युवक घायल हो गए। पुलिस ने मामले में 18 लोगों को नामजद किया है। पुलिस को दी शिकायत में ककहेड़ी के प्रदीप कुमार ने आरोप लगाया है कि 31 मई को अमित, चेतन, दीपेंद्र, भानु, अभय और लवप्रीत के बीच कबूतर उड़ाने को लेकर विवाद हुआ था। इसे लेकर 7 जून को गांव के राम मंदिर में पंचायत बुलाई गई थी। पंचायत के दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी बढ़ गई और बैठक बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गई। शिकायतकर्ता के अनुसार, पंचायत खत्म होने के बाद वह मानव, दीपेंद्र, लवप्रीत, अभय और चेतन के साथ घर लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में गुरदीप, शिशन, काका, गोल्डी और विराज ने उनका रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की और फिर हमला कर दिया।

### महिला से 17.6 ग्राम हेरोइन बरामद, गिरफ्तार

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सेल ने कार्रवाई करते हुए सीवन क्षेत्र से एक महिला आरोपी को 17.6 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई जसमेर सिंह व थाना सीवन से महिला एचसी शशी की टीम गश्त दौरान गांव कांगथली बस अड्डा पर मौजूद थी। जहां एक गुप्त सूचना मिली कि एक महिला बस अड्डा कांगथली में नशीला पदार्थ हेरोइन बेचने के लिए आने वाली है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तुरंत रेडिंग पार्टी गठित कर उक्त स्थान कांगथली बस अड्डा के पास छुपाव करते हुए निगरानी शुरु की गई। इसी दौरान महिला से हेरोइन बरामद की गई।

### दो अलग-अलग आधार कार्ड प्रस्तुत कर करवाई जमानत

**कैथल।** कैथल के चीका में एक व्यक्ति द्वारा अलग अलग आधार कार्ड से जमानत करवाने का मामला सामने आया है। चीका स्थित न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी) अदालत ने एक मामले में आरोपी के जमानती के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। जमानती के दस्तावेजों की जांच दौरान दो अलग-अलग आधार कार्ड मिलने पर अदालत ने यह कार्रवाई की। दो अलग-अलग आधार कार्ड मिलने पर कार्रवाई हुई है। मामला आरोपी मोनू की जमानत बांड स्वीकार करने संबंधी अर्जी की सुनवाई से जुड़ा है। अदालत ने पूर्व में आरोपी को 40 हजार रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि के एक जमानती पर नियमित जमानत प्रदान की थी। सुनवाई के दौरान जमानती कृष्ण कुमार निवासी प्योदा की ओर से प्रस्तुत दस्तावेजों की जांच की गई।

### हिमाचल प्रदेश ट्रेक-टू के लिए केडेट्स का चयन



कैडेट्स को सम्मानित करते हुए।

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद की प्राचार्या डा. पूनम मोर एवं एनसीसी प्रभारी अंजू ने बताया कि उनके महाविद्यालय की बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस द्वितीय वर्ष की छात्रा सोनिया (सीक्यूएमएस) का चयन ऑल इंडिया गर्ल्स ट्रैकिंग एक्सपीडिशन 2026-27 (हिमाचल ट्रैक टू) में हुआ है। यह ट्रैकिंग कैंप 13 से 20 जून को जेपी यूनिवर्सिटी ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी वाकनाघाट (सोलन) में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि उनके महाविद्यालय की तीन एनसीसी कैडेट्स शालिनी, नीरज व रीना हाल ही में एक से 10 जून तक देव गुरुकुल, दिनारपुर (साहा) में प्री थल सेना कैंप लगाकर आई है और उन्होंने कैंपों में बड़ी कठिन प्रक्रियाओं जैसे फायरिंग, ड्रिल व सख्त फिजिकल ट्रेनिंग को पार करके अपनी कड़ी मेहनत व सख्त अनुशासन का परिचय देते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन किया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

**विकास** जिले के पांच बड़े गांवों में बिजली संबंधी विकास कार्यों पर बनी सहमति

# बिजली का नुकसान 87% से घटकर होगा 20%, तीस साल से बना गतिरोध खत्म

डीसी की अगुवाई में जिला प्रशासन, बिजली विभाग सहित ग्रामीणों की आपसी सहमति से बदलेगी तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

डीसी अपराजिता की अगुवाई में जिला प्रशासन व बिजली निगम सहित गांव वासियों के आपसी सहयोग से बिजली सुविधाओं को लेकर तस्वीर बदलने जा रही है। जिले के पांच बड़े गांवों में जगमग योजना सहित बिजली बिलों को लेकर पिछले 30 साल से जो गतिरोध बना हुआ था, वह डीसी अपराजिता की सूझबूझ सहित निगम व गांव वासियों का विकसित सोच वाली आपसी समझ का नतीजा है कि इन गांवों में बिजली संबंधी विकास कार्य आगे बढ़ाए जाने पर सहमति बन गई है। इन गांवों में जगमग योजना के लागू होने से जहां इन फीडरों का बिजली निगम को नुकसान 87 प्रतिशत से कम होकर महज 20 प्रतिशत तक रह जाएगा।



कैथल। डीसी बिजली निगम के अधिकारियों की बैठक लेते हुए।

### अधिकारियों का कर्मचारियों के प्रयासों से किया शुरू

निगम के अधीक्षक अभियंता सोमवीर ने बताया कि उपायुक्त महोदय, जिला प्रशासन एवं उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) के अधिकारियों कर्मचारियों के संयुक्त प्रयासों के परिणाम स्वरूप गांव खुराना, दुंढवा व शिमला, पिंजूपुरा और मूंदड़ी के लोगों ने वर्तमान स्थिति का समझा तथा उपायुक्त महोदया के अनुरोध पर जिला प्रशासन एवं उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) कैथल का सहयोग करने के उपरांत कार्य शुरू किया गया है।

### 20 प्रतिशत रह जाएगा लाइन लॉस

निगम अधिकारियों का अनुमान है कि इन गांवों में कार्य पूर्ण होने के बाद लाइन लॉस घटकर मात्र 20 प्रतिशत रह जाएगा, जिससे बिजली की बर्बादी रुकेगी और वित्तीय नुकसान में भारी कमी आएगी। इन गांवों खुराना, शिमला, पिंजूपुरा, दुंढवा और मूंदड़ी में म्हारा गांव जगमग गांव योजना को पूरी तरह लागू करने की दिशा में विभाग और जिला प्रशासन द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

### जिला प्रशासन और उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रयासों से बनी सहमति

इन पांच गांवों में विकास और सुधार कार्यों को गति देने के लिए बिजली विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा लगातार गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। इस संबंध में स्थानीय नागरिकों तथा भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के प्रतिनिधियों के साथ कई दौर की सकारात्मक वार्ताएं आयोजित की गईं। इस निरंतर संवाद का बेहद सफल परिणाम सामने आया है, जिसके तहत खुराना, दुंढवा, मूंदड़ी, शिमला व पिंजूपुरा गांवों में विकास कार्य शुरू करने पर पूर्ण सहमति हो गई है। इस संबंध में लगभग पिछले 30 वर्षों से गतिरोध की स्थिति बनी थी, क्योंकि उपरोक्त गांव वासी न तो बिजली बिल भर रहे थे तथा न ही बिजली संबंधित योजनाओं का लाभ उठाने के लिए अपना रुझान दिख रहे है।



कैथल। वीरभान जाखौली अन्य सदस्यों के साथ। फोटो : हरिभूमि

### वीरभान बने ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के कार्यकारी जिला प्रधान

**कैथल।** शहीद भगत सिंह भवन कैथल मे ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा जिला कमेटी कैथल की विस्तारित मीटिंग बुलाई गई। इसमें राज्य कमेटी की ओर से राज्य अध्यक्ष बसाऊं राम चंदाना ने हिस्सेदारी की। मुख्य एजेंडा संगठन का विस्तार और संगठन मजबूती का रहा। मीटिंग की अध्यक्षता जिला प्रधान अजय पपनावा की। मीटिंग मे गहन विचार विमर्श के बाद सर्व सेहमती से बीरभान जाखौली को कार्यवाहक जिला प्रधान नियुक्त किया गया। राज्य प्रधान बसाऊं राम ने कहा संगठन कर्मचारियों के हक और अधिकारों के लिए इसी तरह अगली पंक्ति में खड़ा रहेगा।